# पश्चिम अंटार्कटिका की हिम परत का पिघलना

## प्रिलिम्स के लिये:

अंटार्कटिक संधि, **राष्ट्रीय ध्रुवीय और महासागर अनुसंधान केंद्र**, भारतीय अंटार्कटिक अधिनियम 2022, मैत्री, भारती, दक्षिण गंगोत्री

## मेन्स के लिये:

पश्चिम अंटार्कटिक में हिम परत पिघलने की प्रक्रियाएँ, भारत द्वारा उठाए गए कदम, संरक्षण।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

## चर्चा में क्यों?


एक हालिया अध्ययन में समुद्री जल का तापमान बढ़ने के परिणामस्वरुप पश्चिम अंटार्कटिक की **हिम परत** के अपरिहार्य रूप से **पिघलने** के संदर्भ में चिंताजनक पूर्वानुमान सामने आए हैं।

- हिम परत के पिघलने से गंभीर परिणाम हो सकते हैं, जिसमें वैश्विक औसत समुद्र जल स्तर **5.3 मीटर तक बढ़ने की संभावना** भी शामिल है, जो भारत सहित विश्व भर के सुभेद्य तटीय शहरों में रहने वाले लाखों लोगों पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा।

## हिम परत का अभिप्राय एवं समुद्र के जलस्तर पर उनका प्रभाव:

- **परिचय:**
    - हिम परत मूलतः हिमानी बर्फ की एक मोटी परत है जो 50,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक भूमि को कवर करती है।
        - हिम परत, जैसे कि **पश्चिम अंटार्कटिक हिम परत**, विशाल भू क्षेत्रों को समाहित करती है, इसमें पर्याप्त मात्रा में मीठा जल होता है।
        - **पृथ्वी पर मीठे जल का लगभग दो तिहाई भाग** विश्व की दो सबसे बड़ी हिम परतों, **ग्रीनलैंड और अंटार्कटिका** में समाहित है।
    - **जब हिम परतों का द्रव्यमान बढ़ता या घटता है, तो वे क्रमशः वैश्विक औसत समुद्री स्तर में गिरावट या वृद्धि में योगदान करते हैं।**

**नोट:** वर्तमान अंटार्कटिक हिम परत पृथ्वी पर मौजूद कुल बर्फ की मात्रा का 90% हिस्सा है।




- **पश्चिमि अंटार्कटिकि हिमि परत को पिघिलाने वाली प्रक्रियाएँ:**
  - हिमि परतें अपने ठीक पीछे भूमि-आधारित ग्लेशियिरों को स्थिरि करती हैं। हिमि परतों का पिघिलना विभिन्नि तरीकों से होता है।**समुद्री जल के गर्म होने के कारण हिमि परतों का पिघिलना एक प्रमुख प्रक्रियिा है**।
  - जैसे ही ये हिमि परतें पतली या विघिटिति होती हैं, उनके**पीछे के ग्लेशियिर तेज़ी से आगे बढ़ते हैं,** जिससे समुद्र में **बर्फीले जल का स्त्राव होता है** और परिणामस्वरूप समुद्र का स्तर बढ़ जाता है।

**नोट:** हिमि परतें और हिमि समूह समुद्री बर्फ से भिन्नि होते हैं, जो ध्रुवीय क्षेत्रों में स्वतंत्र-तैरती बर्फ का निर्माण करती है। समुद्री बर्फ तब बनती है जब समुद्री जल जम जाता है।

- **वर्तमान प्रवृत्ति और परिणाम:**
  - हाल के परिणाम **अमुंडसेन सागर के व्यापक, बड़े पैमाने पर गर्म होने और मूल्यांकन किये गए सभी परिदृश्यों में बर्फ के पिघिलने में तेज़ी** लाने से संबंधिति हैं।
  - इस प्रत्याशिति **बर्फ के पिघिलन के कारण समुद्र के स्तर में वृद्धि का अनिवार्य रूप से विश्विभर के तटीय समुदायों** पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा।
- **भारत और संवेदनशील तटीय क्षेत्रों के लिये निहितािर्थ:**
  - भारत विस्तृत तटरेखा और घनी आबादी के साथ समुद्र जल के स्तर में वृद्धि के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील है।
  - बढ़ते समुद्री जलस्तर के कारण **तटीय समुदायों को विस्थापन का सामना करना पड़ सकता है** या जलवायु शरणार्थी बन सकते हैं, जो सुरक्षात्मक बुनियादी ढाँचे के निर्माण जैसी **अनुकूली रणनीतियों की आवश्यकता** को उजागर करता है।




## भारत द्वारा अंटार्कटिका से संबंधित कार्रवाई:

- भारत **वर्ष 1983 में** [अंटार्कटिक संधि]में शामिल हुआ, **12 सितंबर, 1983** को इसे परामर्शदाता का दर्जा प्राप्त हुआ।
- [राष्ट्रीय ध्रुवीय एवं महासागर अनुसंधान केंद्र] (तत्कालीन राष्ट्रीय अंटार्कटिक और महासागर अनुसंधान केंद्र) भारत का प्रमुख अनुसंधान एवं विकास संस्थान है जो ध्रुवीय तथा दक्षिणी महासागर क्षेत्रों में देश की अनुसंधान गतिविधियों के लिये ज़िम्मेदार है।
- [भारतीय अंटार्कटिक अधिनियम, 2022] अंटार्कटिका में यात्राओं और गतिविधियों को नियंत्रित करता है, जिसमें खनिज संरक्षण, देशी पौधों का संरक्षण एवं गैर-देशीय पक्षियों के परिचय पर प्रतिबंध शामिल है।
- वर्तमान में भारत के **अंटार्कटिका में दो परिचालन अनुसंधान स्टेशन हैं - मैत्री और भारती।**
  - **दक्षिण गंगोत्री** पहला स्टेशन था जो **वर्ष 1985** से पहले बनाया गया था लेकिन **अब चालू नहीं है।**

## आगे की राह:

- **पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण:** महाद्वीप के अद्वितीय पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के लिये**अंटार्कटिक संधि तथा संबंधित समझौतों** का कड़ाई से पालन करना।
  - इसमें मानवीय गतिविधियों को विनियमित करना, अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरणीय पदचिह्न को कम करना शामिल है।
- **नवीन सामग्री और बुनियादी ढाँचा:** न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव सुनिश्चित करते हुए कठोर ध्रुवीय परिस्थितियों में कार्य करने वाले**अनुसंधान स्टेशनों** और जहाज़ों के लिये अधिक **कुशल सामग्री एवं बुनियादी ढाँचा** विकसित करना।
- **जियोइंजीनियरिंग तकनीक:** शोधकर्ता **हिम के पिघलने को संभावित रूप** से धीमा करने के लिये **सौर विकिरण प्रबंधन** की खोज कर रहे हैं। मध्यम उत्सर्जन के परिदृश्य मे सौर विकिरण प्रबंधन **हिम परत के क्षरण के विरुद्ध एक शक्तिशाली हथियार** हो सकता है।
  - उपयोग किये जाने से पूर्व इन प्रायोगिक तकनीकों की प्रभावकारिता एवं पर्यावरणीय प्रभावों की और अधिक जाँच की जानी चाहिये।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न:

### ??????????:

**प्रश्न. पृथ्वी ग्रह पर जल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2021)**

1. नदियों और झीलों में जल की मात्रा भू-जल की मात्रा से अधिक है।
2. ध्रुवीय हिमच्छद और हिमनदों में जल की मात्रा भू-जल की मात्रा से अधिक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/melting-of-west-antarctica-s-ice-sheet